भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 133
जिसका उत्तर मंगलवार 11 दिसम्बर, 2018 को दिया जाना है

**विद्युत बसें**

**133. श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के महानगरों में प्रदूषण से निपटने के लिए विद्युत हाइब्रिड बसों का निर्माण किया है/करने जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान देश में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) द्वारा निर्मित विद्युत बसों की कुल संख्या क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क), (ख) और (ग):** जी, नहीं। भारत सरकार का ई-बसों के विनिर्माण में निवेश करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में स्वतः पद्धति के द्वारा 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति है। इसके अलावा, ऑटोमोबाइल क्षेत्र अनियमित क्षेत्र में आता है और इलेक्ट्रिक वाहनों तथा ई-बसों के विनिर्माण सहित, ऑटोमोबाइल क्षेत्र में निजी और सार्वजनिक, दोनों क्षेत्र निवेश करने के लिए स्वतंत्र हैं।

******